@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Wednesday, 27 May 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 251 Pages 04 | ₹3.00

## Iran condemns recent US strikes as violation of ceasefire

FAIR REPORT

**New Delhi:** Iran on Tuesday (local time) denounced the most recent US strikes as a sign of "bad faith and unreliability" as negotiations pressed on toward a possible deal to end the war, and the Islamic Republic began restoring internet access after one of the longest nationwide shutdowns ever. The US military characterised Monday's strikes in southern Iran as defensive, saying targets included missile launch sites and minelaying boats, and said the US acted with "restraint" in light of the weekslong ceasefire. Iran's foreign ministry called the strikes a ceasefire violation and warned that Washington would bear responsibility for "all consequences," without elaborating. "The Islamic Republic of Iran will leave no act of aggression unanswered," it added in a statement. Iran's Revolutionary Guard said Tuesday that it shot down at least one drone and deterred another drone and a fighter jet that entered its airspace, according to Iran's official Mizan news agency. It didn't specify when the incidents occurred. Iran's supreme leader, Mojtaba Khamenei, used a statement about Islam's annual Hajj pilgrimage to address his country's confrontation with the US and Israel, declaring that other Mideast nations "will no longer serve as a shield" for US military bases. Iran has previously complained about US military facilities in the region and targeted them. It was not immediately clear what the developments would mean for negotiations. Iranian state TV reported Tuesday that Iranian Parliament Speaker Mohammad Bagher Qalibaf and Foreign Minister Abbas Araghchi left Qatar, where talks had been taking place. The report did not elaborate or point to any next steps.



**BETWEEN EARTH AND MOON**

An airplane flies past the moon seen from Frankfurt in Germany, Monday.

## Five lion deaths in Gir in 10 days, minister says no outbreak signs


**Ahmedabad:** Five Asiatic lions, including two cubs, have died in the Gir landscape over the last ten days, with no indication of any disease outbreak, forest department officials said. The deaths were reported from the Gir East and Gir West divisions of Gir National Park and Wildlife Sanctuary. Gujarat forest minister Arjun Modhwadia on Tuesday said two cubs are suspected to have died due to infection linked to Babesia, while the remaining deaths occurred due to fighting or other reasons. He said the government does not see any large-scale health concern in the region and described the deaths as part of routine mortality in a free-ranging population. Samples from the carcasses have been collected and sent for laboratory testing, he said. A senior forest department official said that of the five deaths reported in the last ten days, one was due to injuries suffered in fighting and two due to natural causes.

# Anti-Drone Systems Will be Installed on the Border: Shah

## Pakistanis were forced to flee from Sanchu post in Rajasthan, had breakfast on the border

FAIR REPORT

**Jaipur:** Union Home Minister Amit Shah visited the Border Security Force (BSF) Sanchu outpost in Bikaner. During the sentry conference, he said, "I have come to the historic Sanchu outpost. I had a desire to visit the Sanchu outpost even before becoming Home Minister. During the 1964 Indo-Pak War, Sanchu had a population of just over 500. The RAC outpost was located 500 meters behind in Ranjitpura village." Information was received that Pakistan had launched an offensive to capture Sanchu. Soldiers from 3 RAC and 13 Grenadiers attacked and kept Sanchu within Indian territory. The soldiers



fulfilled this responsibility, forcing the Pakistanis to turn their backs and flee. He said, "The government is starting to install anti-drone plants in the next six months. However, we must keep a close eye on drones landing here, who receives them, and who uses their materials. Strict action should be taken against them." Shah arrived in Sanchu by helicopter around 11 a.m. on Tuesday morning, accompanied by Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma.

### Sanchu post was witness to two major battles

This is one of the most historic posts on the India-Pakistan border. It has witnessed two major wars. Amit Shah is the first Home Minister to visit this post and meet the soldiers. He also viewed the Pakistani border and the Zero Point area from here.

### Pakistani territory seen from Sanchu post

Amit Shah spent about an hour and a half at the Sanchu post. He spoke with soldiers on duty in the scorching heat about their experiences and border activities. He also shared a traditional breakfast with the soldiers. From the Sanchu post, where temperatures hovered around 42 degrees, Amit Shah inspected the surrounding area through binoculars, including the Pakistan border. Shah left for Bikaner around 12:30 pm.

## Par panel summons Education Ministry officials, CBSE chief on Jun 2 to review NEET, OSM

FAIR REPORT

**New Delhi:** A parliamentary panel has summoned officials of the Union Education Ministry and the CBSE on June 2 to review the use of the On-Screen Marking (OSM) system and issues faced by students in the class 12 post-result process, according to a Rajya Sabha Secretariat notice. The Parliamentary Standing Committee on Education, Women, Children, Youth and Sports will also discuss the implementation of the three-language formula in classes 9 and 10, the notice issued on Monday said.The committee, headed by Congress leader Digvijaya Singh, has summoned School Education Secretary Sanjay Kumar and Central Board of Secondary Education (CBSE) Chairman Rahul Singh for a meeting on June 2. The agenda of the meeting includes a review of the "use of On-Screen Marking (OSM) in Grade 12 Exams and issues faced by students consequent". The panel will also discuss the "application of 3-language formula in Class 9 and 10", according to the notice. The CBSE recently faced criticism from students and parents over technical glitches, payment failures and access-related issues during the verification and re-evaluation process for class 12 results.It has also made the study of three languages, including at least two native Indian languages, compulsory for class 9 students beginning July 1. The board said till the dedicated R3 (third language) textbooks are available, class 9 students shall use the class 6 R3 textbooks (2026-27 edition) of the chosen language. The move is part of the CBSE's alignment of its Scheme of Studies with the National Education Policy (NEP) 2020 and the National Curriculum Framework for School Education (NCF-SE) 2023.

# Congress likely to resolve leadership issue in Karnataka after RS polls

FAIR REPORT

**New Delhi:** The Congress is likely to resolve the leadership issue in Karnataka after the Rajya Sabha elections, sources said, even though the party remained silent on the contentious issue after a day-long meeting of the top central and state leaders on Tuesday.

The Congress leadership is learnt to have backed D K Shivakumar for the top post, and a change may happen soon, according to sources.The party insisted that only the issue of Rajya Sabha and state council elections was discussed at the meeting, which was attended by Congress president Mallikarjun Kharge, Leader of Opposition in Lok Sabha Rahul Gandhi, AICC general secretary, Organisation, K C Venugopal and AICC General Secretary in-charge of Karnataka Randeep Surjewala, among others. Sources said the party top brass including Gandhi and Kharge held several hours of discussions with Karnataka Chief Minister Siddaramaiah and Deputy Chief Minister D K Shivakumar, apart from meeting them separately, and is likely to take a call on a possible change of guard in the state after the Rajya Sabha polls, which are due next month.

The Congress has decided to renominate Kharge for the Rajya Sab-



ha after his term ends next month, the sources said. Speaking to reporters after the meeting, Venugopal termed as "mere speculation" the talk about any leadership change in Karnataka. Though Congress president Mallikarjun Kharge had convened a meeting to decide party candidates for the two elections, the point of interest remained the protracted leadership tussle between Siddaramaiah and Shivakumar, who had been summoned to Delhi.

Sources said the Shivakumar camp has been pressing Siddaramaiah, 77, to quit the top post and a formula to accommodate him in the central role has been offered to him, which he has not accepted. The formula includes giving Siddaramaiah a Rajya Sabha seat, they said.

At the core of the leadership tangle in the southern state is Shivakumar's demand that he be elevated to the chief minister's post in accordance with a "promise" which his supporters claim was made to him during state assembly elections in 2023. They are also citing the age factor.

Amid intense speculation, some media reports claimed that Siddaramaiah may be replaced by Shivakumar in a few days.

Siddaramaiah and Shivakumar had arrived in the national capital accompanied by the MLAs supporting them. After the party meeting, Siddaramaiah held deliberations later in the evening with some ministers considered close to him."Today, the entire discussion was only concentrated on the upcoming Rajya Sabha elections and (Legislative) Council elections of Karnataka.

"Whatever speculation you people are doing, that is only speculation, no reality at all. Today we discussed about the Rajya Sabha seats and the Council seats of Karnataka," said Venugopal, flanked by Siddaramaiah and Shivakumar.

He said the candidates of the Rajya Sabha and Council seats of Karnataka will be announced along with the other seats like Chhattisgarh, Madhya Pradesh and Rajasthan.

"This is what we have decided today, and nothing else was discussed," he asserted. Asked about any leadership change, Siddaramaiah also said, "It is only a speculation".

Asked if there was any discussion on leadership change, he replied emphatically with "No".On a possible cabinet reshuffle, the chief minister said, "It did not come up for discussion." Of the four Rajya Sabha seats getting vacant in Karnataka, the Congress can win three seats and the BJP one. Kharge's Rajya Sabha seat is getting vacant in June and he is likely to be re-elected from Karnataka. The party may also field Shivakumar's brother D K Suresh as one of the Rajya Sabha candidates, as well as a woman or an OBC nominee. Suresh has been a former Rajya Sabha member from the state. Besides, the Congress leaders are also learnt to have discussed the party candidates for the legislative council seats. The Congress is likely to get four seats in the legislative council out of the seven vacancies, going by its present strength in the state assembly.

FAIR RAJASTHAN



**अनियमितताओं पर सख्ती :** अधिकारी लगातार कर रहे थे गोशाला का निरीक्षण, कार्रवाई पर गोसेवा से जुड़े संगठनों ने जताई खुशी

# सख्त जांच का मच रहा है शोर तो अब तक नतीजा क्यों नहीं निकल रहा?

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

सांगानेर स्थित श्री पिंजरापोल गोशाला समिति का विवाद गहराने लगा है। लगातार हो रही शिकायतों पर बार-बार जांच का दावा तो किया जा रहा है, लेकिन अब तक इसका निष्कर्ष नहीं निकल रहा। कुछ लोगों की ओर से की गई शिकायतों पर जब जांच शुरू हो चुकी है तो यह अब तक पूरी क्यों नहीं हो पाई? यही नहीं विभाग अथवा सरकार इस विवाद को क्यों नहीं खत्म कर रहे? जो गलत हो उसको सामने लाने या फिर नियम विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाने के पीछे का राज किसी को समझ में नहीं आ रहा। यह मामला कोई नया नहीं है, बार-बार गोशाला में कथित अनियमितता के साथ नियमों की अवहेला का मामला उठाया जा रहा है। एक शिकायत कर्ता की ओर से तमाम मंत्रियों से लेकर विभाग ही नहीं अन्य आला अधिकारियों को बार-बार इस तरह की लिखित शिकायतें भेजी गईं। आखिर जब सरकार के आला अधिकारी और मंत्रियों तक यह जानकारी पहुंच चुकी है तो कार्रवाई करने में क्यों देरी हो रही है। गौरतलब है कि कथित आर्थिक अनियमितताओं, भूमि उपयोग विवाद और गोशाला की व्यवस्थाओं के मामलों में शिकायतों के बाद बार-बार सरकार की ओर से कार्रवाई करने का दावा किया जा रहा है। बार-बार गोशाला परिसर का निरीक्षण कर ऐसी कौनसी जांच है जो अब तक पूरी ही नहीं हो पाई। यह भी कहा जा रहा है कि जांच कि संबंधित विभागों की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों तक भेजी जा रही है, तो फिर अधिकारी इन रिपोर्ट को देखकर क्यों कोई निर्णय नहीं ले रहे। अब परिसर में गंदे और गंदे नाले के जहरीले पानी से उगाए जा रहे चारे को नष्ट करवा दिया गया है। अधिकारियों की मौजूदगी में खड़े चारे की कटाई कर उसे खुर्द-बुर्द कर दिया, ताकि वह चारा किसी भी स्थिति में गायों को नहीं खिलाया जा सके। यह चारा लंबे समय से गंदे पानी से उगाया जा रहा था।



## जांच समिति ने तेज की कार्रवाई

श्री पिंजरापोल गोशाला समिति पहले से ही राज्य सरकार और गोपालन विभाग की जांच के दायरे में चल रही है। यहां के प्रबंधन पर सरकारी अनुदान में वित्तीय अनियमितताओं, भूमि उपयोग में बदलाव, व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन, पशुधन अभिलेखों में कथित गड़बड़ी तथा विभागीय नियमों की अनदेखी जैसे गंभीर आरोप लगे हुए हैं। एडवोकेट मुनीष कुमार शर्मा की ओर से प्रस्तुत शिकायत के आधार पर राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति को गोशाला से जुड़े विभिन्न मामलों की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच समिति में डॉ. हनुमान सहाय मीणा को अध्यक्ष तथा डॉ. महेश कुमार शर्मा और डॉ. कौशल कुमार मंडावरा को सदस्य बनाया गया है। समिति को अनुदान वितरण, पशुओं की संख्या और अभिलेखों में कथित अंतर, जानकारी छिपाने, दान राशि के संभावित दुरुपयोग, पशुओं की असामान्य मृत्यु दर तथा गोशाला परिसर में हो रहे अन्य निर्माण कार्यों और भूमि उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया की गहन जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

## नामांतरण खोलने की एवज में रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार



**FAIR REPORT**
**जयपुर**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की इंटेलिजेंस यूनिट उदयपुर ने राजसमंद जिले में कार्रवाई करते हुए पटवारी राहुल कुमार शर्मा को 4 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पटवार हल्का सेमा एवं अतिरिक्त चार्ज बड़ा भाणुजा, तहसील खमनोर में कार्यरत है। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार परिवादी ने शिकायत दी थी कि दानग्रहीता भूमि की रजिस्ट्री करवाने के बाद नामांतरण खोलने की एवज में आरोपित पटवारी ने 7 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी राहुल कुमार शर्मा ने परिवादी से 1 हजार रुपए पहले ही ले लिए थे तथा शेष 4 हजार रुपए ट्रैप कार्रवाई के दौरान लेने तय हुए थे।

इस कार्रवाई के दौरान आरोपित पटवारी ने एसीबी टीम को देखकर रिश्वत की राशि अपने सरकारी आवास के टॉयलेट में बनी डब्ल्यूसी में फेंक दी। बाद में आरोपी की निशानदेही पर राशि बरामद कर ली गई।

**सरकार की सख्ती :** कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल का बीज माफियाओं के ठिकानों पर छापा

# मूंगफली के नकली बीजों का जखीरा पकड़ा

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

जयपुर के नजदीक चौमूं (रीको इंडस्ट्रियल एरिया) के सिल्वर पार्क से मंगलवार को एक ऐसी खबर सामने आई जिसने पूरे राजस्थान के कृषि महकमे और बीज माफियाओं के खेमे में हड़कंप मचा दिया। कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने बिना किसी पूर्व सूचना या तामझाम के, एक 'फूड इंस्पेक्टर' की तरह औचक निरीक्षण करते हुए 'एग्रो जेनिक्स क्रॉप साइंस' एवं 'जीएम एग्रो इंडस्ट्रीज' नामक दो अनधिकृत फैक्ट्रियों के गोदामों पर छापा मार दिया। यह दोनों अवैध कंपनियां मिलकर सीकर की एक प्रतिष्ठित फर्म 'श्री बालाजी एग्रो सीकर' के नाम का फर्जी इस्तेमाल कर रही थीं और उसके नकली लेबल लगाकर घटिया, अमानक और निम्न गुणवत्ता वाले मूंगफली बीजों की धड़ल्ले से री-पैकेजिंग कर रही थीं। छापे के बाद पता चला कि चौमूं के इस रिहायशी व इंडस्ट्रियल गोदाम के भीतर यह कोई छोटा-मोटा हेर-फेर नहीं था, बल्कि करोड़ों रुपए की लागत से चल रहा नकली बीज का एक बहुत बड़ा संगठित कारखाना था। इस रेड के दौरान कृषि विभाग के वैज्ञानिकों ने जब मौके पर मौजूद मूंगफली के दानों के सैंपल लिए, तो एक बेहद डरावना और वैज्ञानिक सच सामने आया। जांच में पाया गया कि री-पैकेजिंग के लिए रखी गई इस घटिया मूंगफली में 'एफ्लाटॉक्सिन' नामक एक बेहद खतरनाक और जहरीला फंगस मौजूद था। यदि इस फंगस से दूषित बीज को किसान अपने खेतों में बो देता तो फसल की उत्पादकता 80% तक गिर जाती। इसके अलावा एफ्लाटॉक्सिन से संक्रमित मूंगफली का सेवन अगर इंसान या मवेशी करते हैं, तो यह सीधे लीवर को डैमेज करता है।



## बड़े पैमाने पर चल रहा था 'खेल'

इस कार्रवाई के दौरान कृषि विभाग की टीम ने मौके से जो सामान और जखीरा बरामद किया है, उसका आंकड़ा कुछ इस प्रकार है -

- मूंगफली बीजों की अवैध पैकेजिंग के लिए गोदाम में नामी कंपनियों के हुबहू दिखने वाले करीब 60 लाख खाली बैग और बोरियां डंप करके रखी गई थीं।
- मौके पर करीब 2 लाख साबुत मूंगफली से भरी बोरियां मिलीं। इन बोरियों को खुले बाजार से बेहद सस्ते दामों पर खरीदा गया था।
- इन गोदामों में सामान्य मूंगफली के छिलकों को बेहद तेजी से अलग करने वाली बड़ी-बड़ी आधुनिक मशीनें और उन दानों को ब्रांडेड बैग्स में भरकर सिलने वाली हाईटेक ऑटोमैटिक सिलाई मशीनें भी चौबीसों घंटे काम कर रही थीं, जिन्हें पुलिस ने इन गोदामों को तुरंत सील कर दिया।

## किसानों के भरोसे से खिलवाड़

बीज माफियाओं की चालाकी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे किसी ऐरे-गेरे बीज की नकल नहीं कर रहे थे, बल्कि वे राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान (आरएआरआई), दुर्गापुरा (जयपुर) के वैज्ञानिकों द्वारा वर्षों की कड़ी रिसर्च के बाद विकसित की गई सबसे लोकप्रिय और उन्नत किस्म 'आरजी-510' (किसान-510) के नाम पर डाका डाल रहे थे। इसके अलावा 'एसजी-551' और 'आरजी-578' जैसी सरकारी प्रमाणित किस्मों के नकली लेबल भी धड़ल्ले से छापे जा रहे थे। राजस्थान का आम किसान दुर्गापुरा रिसर्च सेंटर की 'आरजी-510' किस्म पर आंख मूंदकर भरोसा करता है, क्योंकि यह किस्म कम पानी में और रेतीली मिट्टी में भी बंपर पैदावार देने के लिए जानी जाती है। बीज माफिया इसी भरोसे का फायदा उठा रहे थे। वे खुले बाजार से कौड़ियों के भाव बिकने वाली सामान्य और खाने वाली घटिया मूंगफली खरीदते थे, मशीनों से उसका दाना निकालते थे और फिर उसे चमकीले सरकारी पैकिंग बैग्स में बंद करके 'प्रमाणित बीज' के रूप में किसानों को 4 से 5 गुना ऊंचे दामों पर बेच देते थे।

## सरकार प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध

प्रदेश सरकार किसानों को आगामी बुवाई सत्र के लिए उन्नत, प्रमाणित एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। किसानों के हितों की सुरक्षा तथा कृषि क्षेत्र में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

**- किरोड़ी लाल,** कृषि मंत्री, राजस्थान सरकार

## चौतरफा सर्जिकल स्ट्राइक

कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने चौमूं के गोदाम में मिले दस्तावेजों को खंगाला, उन्होंने तुरंत जयपुर मुख्यालय से पूरे प्रदेश के कृषि अधिकारियों को वायरलेस पर लाइव निर्देश जारी कर दिए। मंत्री के कड़े आदेश मिलते ही राजस्थान के 4 अन्य बड़े कृषि संभागों में एक साथ कार्रवाई शुरू कर दी गई। जोधपुर और बीकानेर संभागों के प्रमुख अनाज मंडलों और निजी बीज गोदामों पर कृषि विभाग की उड़नदस्तों ने एक साथ छापेमारी की, क्योंकि चौमूं से नकली बीज की बड़ी खेप यहीं सप्लाई होने वाली थी। इसके अलावा सीकर और चूरू जिलों में भी 'श्री बालाजी एग्रो' के फर्जी नेटवर्क से जुड़े डीलरों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी गई और संदिग्ध सैंपल्स को सील कर जांच के लिए लैबोरेट्री भेजा गया।

# 'सुजस' क्विज के विजेता सम्मानित

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान सरकार की मासिक पत्रिका 'सुजस' में आयोजित होने वाली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं के सम्मान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विशेष सम्मान समारोह और संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त राकेश शर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए प्रमाण-पत्र व राज्य सरकार की ओर से प्रकाशित साहित्य सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया। आयुक्त राकेश शर्मा ने कहा कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं एवं पाठकों में ज्ञानवर्धन के साथ-साथ जागरूकता भी बढ़ रही है। समारोह में राकेश कुमार लववंशी, झालावाड़, अंकित मालव, कोटा, कमल वर्मा, जयपुर, रामस्वरूप मिर्धा, कुचामन-डीडवाना, सांवरमल सिहाग, चूरू, नीलम सवाई सिंह जग्गुका, जयपुर, शुभम कुमार शर्मा, जयपुर आदि को सम्मानित किया गया। विजेताओं ने अपने अनुभव भी साझा किए। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) गोरधन लाल शर्मा, अतिरिक्त निदेशक (पत्र पंजीयन) नर्बदा इंदौरिया, वित्तीय सलाहकार रोहताश सिंह यादव, व संपादक, सुजस अजय कुमार सहित सुजस टीम के सदस्य उपस्थित रहे।



**MoU :** शाइन फाउंडेशन बनाएगा कन्वेंशन सेंटर, 1.04 करोड़ खर्च होंगे

# सरिस्का में बनेगा इंटरप्रिटेशन सेंटर

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

अरण्य भवन में मंगलवार को वन विभाग के साथ वेदांता ग्रुप की सामाजिक प्रभाव वाली संस्था ने महत्वपूर्ण एमओयू किए। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की फ्लैगशिप एनिमल वेलफेयर पहल 'द एनिमल केयर ऑर्गेनाइजेशन' (टाको) ने सरिस्का टाइगर रिजर्व में अग्निवेश अग्रवाल नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर (एनआईसी) स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। वहीं, शाइन फाउंडेशन ने सरिस्का में 1.04 करोड़ रुपए की लागत से कन्वेंशन सेंटर का निर्माण करने का एमओयू किया, जिसका उपयोग सम्मेलन, बैठकें और प्रशिक्षण सत्र के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर वन राज्य मंत्री संजय शर्मा और वेदांता लिमिटेड की नॉन-एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रिया अग्रवाल हेब्बर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। आपको बता दें कि सरिस्का टाइगर रिजर्व में प्रस्तावित नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर के जरिये वन्यजीव संरक्षण जागरूकता, पर्यावरण शिक्षा और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के तौर पर देखा जा रहा है। यह केंद्र आगंतुकों और स्थानीय समुदायों को जैव विविधता संरक्षण, पारिस्थितिकी स्थिरता, वन्यजीवों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्रों की सुरक्षा के महत्व को गहराई से समझने में मदद करेगा। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा और प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के लिए 8 निगरानी वाहनों को भी रवाना किया।



**समाज की सोच में आया बदलाव :** 11 बेटियों से विवाह के लिए 1900 से अधिक उच्च शिक्षित और सुयोग्य युवकों ने किया आवेदन

# नारी निकेतन बन रहे निराश्रित महिलाओं के लिए उम्मीद का नया सवेरा

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

सपनों के टूटने, अपनों के छूटने और सामाजिक प्रताड़ना के अंधकार से निकलकर जब कोई महिला राजस्थान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के 'नारी निकेतन' (राज्य महिला सदन) की दहलीज पर कदम रखती है, तो उसे सिर्फ एक छत नहीं मिलती, बल्कि मिलता है आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और जीने की नई किरण। प्रदेश सरकार की दूरदर्शी सोच के चलते आज प्रदेश के ये केंद्र महज़ शेल्टर होम नहीं, बल्कि निराश्रित और आश्रयहीन युवतियों की तकदीर बदलने वाली कर्मस्थली बन चुके हैं। वर्तमान में विभाग द्वारा जयपुर संभाग के जिला मुख्यालय पर 150 क्षमता का एक महिला सदन और शेष अन्य संभागों के जिला मुख्यालयों पर 50-50 क्षमता के साथ एक-एक नारी निकेतन संचालित है, जहाँ उनके जीवन को एक नई और सम्मानजनक दिशा दी जा रही है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि इन संस्थानों का मुख्य उद्देश्य सामाजिक रूप से उत्पीड़ित, अनैतिक परिस्थितियों की शिकार एवं निराश्रित महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना और उनमें नवजीवन का संचार करना है। यहां महिलाओं को सुरक्षित वातावरण में निःशुल्क आवास, भोजन, वस्त्र एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। यहां त्योहारों और सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन भी सामूहिक रूप से होता है, जिससे महिलाओं को अकेलेपन का अहसास न हो। इन्हें एडवांस्ड सिलाई-कढ़ाई और ब्यूटीशियन कोर्स जैसी आधुनिक ट्रेनिंग भी उपलब्ध कराई जाती है।




## शादियों का आयोजन किसी रसूखदार परिवार की तरह धूमधाम से किया

इस सकारात्मक बदलाव और लगातार बढ़ते पुनर्वास का सबसे जीवंत उदाहरण हाल ही में राज्य महिला सदन, जयपुर में देखने को मिला। जब संस्थान की 11 योग्य युवतियों के विवाह के लिए सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी की गई, तो समाज की सोच में एक बड़ा बदलाव नजर आया। इन 11 बेटियों से विवाह के लिए प्रदेशभर से 1900 से अधिक उच्च शिक्षित और सुयोग्य युवकों ने आवेदन किया। विभाग ने केवल आर्थिक स्थिति नहीं, बल्कि पुलिस वेरिफिकेशन और पारिवारिक पृष्ठभूमि की पूरी जांच के बाद ही वरों का चयन किया। इन शादियों का आयोजन किसी रसूखदार परिवार की तरह धूमधाम से किया जाता है, जहाँ स्वयं मुख्यमंत्री और प्रशासनिक अधिकारी 'कन्यादान' करने और आशीर्वाद देने पहुंचते हैं।

## महिलाओं के कल्याण पर बढ़ता व्यय

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री गहलोत के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा महिला सदन एवं नारी निकेतनों में निवासरत 1006 महिलाओं के पुनर्वास और कल्याण पर पिछले ढाई वर्षों में 1613.35 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। इन नारी निकेतनों की आवासनियों में से 30 से ज्यादा महिलाओ को विवाह के माध्यम से पुनर्वासित किया गया है और 218 महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया है। अतीत के कड़वे अनुभवों को पीछे छोड़कर भविष्य को संवारने का जो काम राजस्थान के नारी निकेतन कर रहे हैं, वह समाज के लिए एक नजीर है।

## ब्रीफ खबरें

### महिलाओं और बच्चों को पोषणयुक्त आहार लेने के लिए किया जागरूक

**जयपुर।** जिले में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें मौसमी बीमारियों और पोषण माह के अंतर्गत पोषणयुक्त आहार लेने हेतु किया जागरूक किया गया। सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि शक्ति दिवस में बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है।



### राजस्व अर्जन के लक्ष्य को प्राथमिक देते हुए विभागीय लक्ष्य को पूर्ण करें

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया ने वित्त भवन जयपुर के सभागार से आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लेते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर वित्त सचिव राजस्व कुमारपाल गौतम, संयुक्त सचिव आबकारी वरुण मिश्रा, आबकारी आयुक्त नमित मेहता भी उनके साथ में मौजूद रहे। गालरिया ने वीसी को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व अर्जन के लक्ष्य को प्राथमिक रखते हुए योजनाबद्ध कार्यप्रणाली से विभागीय लक्ष्य को पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होंने वीसी के माध्यम से मदिरा दुकानों बंदोबस्त की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन जिलों में मदिरा दुकानों का बंदोबस्त पूर्ण नहीं हुआ है वे उन दुकानों की रिपोर्ट तैयार कर भिजवाएं।

### रूफटॉप बार पर छापा, 10 को पकड़ा

**जयपुर।** शहर के सी-स्कीम क्षेत्र में स्थित ब्रूलिशियस रूफटॉप बार पर सोमवार रात सीएसटी टीम ने छापेमार कार्रवाई की। टीम ने अवैध रूप से संचालित हुक्का बार से 21 हुक्के, 26 पाइप और 15 फ्लेवर के डिब्बे बरामद किए। पुलिस ने मैनेजर सहित 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस ने मैनेजर सहित 10 लोगों की गिरफ्तारी के साथ 10 लोगों को कोटपा एक्ट के तहत भी गिरफ्तार किया। सी-स्कीम स्थित ओके प्लस टॉवर की 10वीं मंजिल पर बना ब्रूलिशियस अपने रूफटॉप कैफे और बार के लिए जाना जाता है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

### बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन 'ए' की खुराक, 50 वां चरण 29 मई से

**जयपुर।** जिले में विटामिन 'ए' का 50 वां चरण 29 मई 2026 से 29 जून, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इसके अन्तर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाडी केन्द्रों पर विटामिन 'ए' की खुराक पिलाई जाएगी। यह खुराक 6 माह के अन्तराल से पिलाई जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन ए की खुराक पिलाने का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विटामिन 'ए' आँखों की बीमारियों जैसे रतौंधी अंधता से बचाव के साथ- साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के लिए भी आवश्यक है। विटामिन ए देने से बच्चों में दस्त एवं निमोनिया आदि बीमारियों के घातक प्रभाव में कमी लाई जा सकती है। विटामिन 'ए' 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में भी कमी लाता है।



### ई-रिक्शा बैटरी चोर गिरोह के दो बदमाश सहित कबाडी गिरफ्तार

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने ई-रिक्शा की स्मार्ट बैटरियां चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों और चोरी का माल खरीदने वाले एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 6 स्मार्ट बैटरियां बरामद की हैं। शातिर बदमाश मोहसिन खान उर्फ अरबाज उर्फ तिरंगा (25) तथा शनवाज उर्फ शाहरूख (25) को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को भी गिरफ्तार किया गया।

### सूने मकानों को निशाना बनाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने सूने मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया गैस सिलेंडर बरामद किया है। आरोपी ने पूछताछ में इलाके के तीन अन्य सूने मकानों में भी चोरी करना कबूल किया है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने सूने मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर मोहम्मद आरिफ (32) निवासी किशनगढ़ जिला अजमेर के रूप में हुई है।

### घुमंतू जातियों को एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग में उचित आरक्षण की मांग



**जयपुर।** विमुक्त, घुमंतू एवं अद्र्ध घुमंतू जनअधिकार समिति की जोधपुर प्रांत स्तरीय कार्यकर्ता बैठक संघ कार्यालय में आयोजित हुई। समिति के सह संयोजक राकेश बिड़ावत ने बताया कि बैठक में जोधपुर प्रांत के 12 जिलों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। राजस्थान क्षेत्र घुमंतू कार्य प्रमुख महेंद्र सिंह ने कहा कि घुमंतू समाज के आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए सरकार को समाज को अधिक से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को मुख्यधारा से जोडऩे के लिए संगठित प्रयासों की आवश्यकता है। समिति के सह संयोजक राकेश बिडावत ने कहा कि राजस्थान में घुमंतू समाज की जातियों को एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग में उचित आरक्षण वर्गीकरण मिले।

## ब्रीफ खबरें

### माधव विवि ने भगेल और कटारा को प्रदान की पीएचडी की उपाधि



**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में शोधार्थियों की शोध प्रगति के मूल्यांकन के लिए विशेष अकादमिक सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, गुजरात के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. यजुर्वेंद्र सिंह जेठावा बाह्य विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शोधार्थी भगवान सिंह भगेल ने "मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के पुरुष खिलाड़ियों के विभिन्न खेलों में शारीरिक फिटनेस एवं मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों का तुलनात्मक अध्ययन" विषय पर अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। उनका शोध कार्य शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. चिंतन बी. पटेल के निर्देशन में पूर्ण हुआ। इसी क्रम में शोधार्थी नारू कटारा ने "मध्य प्रदेश राज्य में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में उपलब्ध खेल सुविधाओं का तुलनात्मक अध्ययन (झाबुआ एवं अलीराजपुर जिले के विशेष संदर्भ में)" विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया। उनका शोध कार्य शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉ. विष्णु चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बाह्य विशेषज्ञ डॉ. यजुर्वेंद्र सिंह जेठावा ने दोनों शोध कार्यों का गहन मूल्यांकन करते हुए शोध की गुणवत्ता की सराहना की तथा अकादमिक उत्कृष्टता को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए कई आवश्यक सुझाव प्रदान किए गए।

### एमडीएस विश्वविद्यालय ने जारी की प्रवेश तिथियां, आवेदन प्रक्रिया शुरू



**अजमेर।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित नवाचारपूर्ण, रोजगारपरक, कौशल आधारित एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से समन्वित शिक्षा व्यवस्था का व्यापक खाका प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने विश्वविद्यालय की नई शैक्षणिक दिशा, प्रवेश प्रक्रिया, उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रमों, कौशल विकास योजनाओं, योग आधारित पहल, डिजिटल सुधारों तथा छात्र-केंद्रित अकादमिक विजन की विस्तृत जानकारी दी। कुलगुरु ने कहा कि वर्तमान समय केवल पारंपरिक डिग्री आधारित शिक्षा का नहीं, बल्कि कौशल, नवाचार, तकनीकी दक्षता, उद्यमिता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप शिक्षा का है। इसी सोच के साथ विश्वविद्यालय "डिग्री के साथ दक्षता" आधारित मॉडल विकसित कर रहा है, जहां विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण, रोजगार क्षमता, नेतृत्व कौशल एवं व्यक्तित्व विकास के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### विवाहिता अनुकम्पा नियुक्ति से वंचित, राज्य सरकार से किया जवाब-तलब




**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में एक महत्वपूर्ण याचिका दायर कर विवाहित बहन को अनुकम्पा नियुक्ति से वंचित किए जाने को चुनौती दी गई है। याचिका पर प्रारम्भिक सुनवाई के बाद जस्टिस अरुण मोंगा ने अयाचियों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता भीलवाड़ा जिले की ज्योति जोशी की ओर से अधिवक्ता तनवीर अहमद और रजाक खान हैदर के ज़रिए दायर रिट याचिका में कहा गया याचिकाकर्ता के पिता का सेवाकाल के दौरान वर्ष 1996 में निधन हो गया था। उनके आश्रित के रूप में पुत्र यानी याचिकाकर्ता के भाई को अनुकम्पात्मक आधार पर नियुक्ति दी गई। यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि याचिकाकर्ता के भाई का भी वर्ष 2007 में असामयिक निधन हो गया। उस समय याचिकाकर्ता अविवाहित थी तथा अपने भाई पर आश्रित थी। बाद में विवाह हो जाने के आधार पर उसे अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ देने से इनकार कर दिया गया। याचिका में राज्य सरकार की 28 अक्टूबर 2021 की अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा गया है कि अविवाहित मृतक कर्मचारी की अविवाहित बहन को अनुकम्पा नियुक्ति का पात्र माना गया है, लेकिन विवाहित बहन को इससे बाहर रखना संविधान के समानता के सिद्धांत के विपरीत है। याचिका में यह भी तर्क दिया गया है कि न्यायालय पूर्व में विवाहित पुत्रियों को अनुकम्पा नियुक्ति से वंचित करने वाले प्रावधानों को असंवैधानिक मान चुका है। ऐसे में केवल वैवाहिक स्थिति के आधार पर विवाहित बहन को लाभ से वंचित करना भेदभावपूर्ण और मनमाना है। मामले की प्रारम्भिक सुनवाई के बाद राजस्थान हाईकोर्ट ने अयाचियों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

### कुपोषण और आंखों की समस्याओं की रोकथाम के लिए लगेगा शिविर



**भीलवाड़ा।** बच्चों में विटामिन-ए की कमी से होने वाले कुपोषण, आंखों की कमजोरी एवं अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में 29 मई से 29 जून तक विटामिन-ए अनुपूरण अभियान का 50वां चरण संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के 9 माह से 5 वर्ष तक आयु वर्ग के लक्षित बच्चों को निर्धारित मात्रा में विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान को चिकित्सा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त समन्वय से प्रभावी रूप से संचालित किया जाएगा। इसके लिए सभी चिकित्सा संस्थानों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए आशा सहयोगिनी, एएनएम एवं कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है।

---

**चिकित्सा मंत्री खींवसर ने ली समीक्षा बैठक:** मेडिकल कॉलेज में पीबीएम की व्यवस्थाओं की ली विस्तृत जानकारी

# प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं का मॉडल देश में बना उदाहरण : खींवसर

FAIR REPORT

**बीकानेर**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने मंगलवार को सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में पीबीएम अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक समीक्षा बैठक ली। बैठक में बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास तथा बीकानेर पूर्व विधायक सिद्धि कुमारी भी मौजूद रहीं। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने चिकित्सा मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर पीबीएम अधीक्षक डॉ. बी.सी. घीया, एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक की शुरुआत अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. रेखा आचार्य द्वारा प्रस्तुत पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन से हुई। प्रस्तुतीकरण में पीबीएम अस्पताल में संचालित राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं, पेशेंट केयर, मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। चिकित्सा मंत्री ने समीक्षा के दौरान सभी विभागाध्यक्षों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डबल इंजन सरकार की वजह से राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंची हैं और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी सोच का सकारात्मक परिणाम प्रदेशभर में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की स्वास्थ्य योजनाओं की चर्चा आज देशभर में हो रही है और अन्य राज्य भी इन योजनाओं को लागू करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। मरीजों को बेहतर और प्रतिबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### ट्रक में घुसी कार, 3 की मौत

**अलवर।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को ड्राइवर को झपकी आने से कार खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक गंभीर घायल है। हादसा अलवर जिले के बड़ौदामेव थाना क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के हादरा हादरहेड़ा के पास चैनल नंबर 106+980 पर मंगलवार शाम 4 बजे हुआ। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पहले पिलर से टकराई। इसके बाद सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया। सूचना मिलते ही बड़ौदामेव थाना पुलिस और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। हादसे में पंजाब के फिरोजपुर जिले के मलकेई गांव निवासी गुरप्रीत सिंह, सेवक सिंह और सुखविंदर सिंह की मौत हो गई। वहीं संदीप सिंह (27) पिता कश्मीर सिंह गंभीर घायल हो गया।

---

**फर्जी स्वयं सहायता समूह :** ठेकेदार-अधिकारियों की सांठगांठ से फर्जी बिल पास

# पोषाहार घोटाला : सैकड़ों फर्जी ग्रुप्स बनाकर करोड़ों का भ्रष्टाचार किया, सभी को हुई जेल

FAIR REPORT

**जोधपुर**

जिले के डेगाना, परबतसर, मकराना और कुचामन सिटी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण में हुए करोड़ों रुपए के घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की । एसीबी ने गरीब बच्चों और महिलाओं के हक के पोषाहार में फर्जी बिलों से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने और रिश्वतखोरी के आरोप में 9 महिला पर्यवेक्षकों समेत 18 अधिकारियों व कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को मंगलवार को जोधपुर स्थित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मामलों की विशेष अदालत (क्रमांक 1) में पेश कर 15 दिन की जेल (जेसी रिमांड) में भेजने की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया। इस मामले में कुल 21 आरोपी नामजद किए गए हैं, इनमें करोड़ों का भुगतान करने वाले दो तत्कालीन सीडीपीओ पहले से जमानत पर हैं, एक प्राइवेट व्यक्ति अभी फरार है।




**100 से अधिक फर्जी ग्रुप्स :** एसीबी के वकील प्रवीण वर्मा के अनुसार-एसीबी मुख्यालय जयपुर को इन परियोजनाओं में भारी भ्रष्टाचार की शिकायत मिली थी। इसके बाद फोन टैपिंग के जरिए अधिकारियों, लिपिकों और दलालों की बातचीत रिकॉर्ड की गई। विस्तृत जांच में सामने आया कि विभागीय अधिकारियों ने दलालों और अनाधिकृत ठेकेदारों हरि सिंह चारण, योगेश दायमा और किशोर बैंदा के साथ साठगांठ कर ली थी। इन ठेकेदारों ने 100 से अधिक फर्जी स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप्स) केवल कागजों में बना लिए और उनके बैंक खाते खुलवा लिए। नियम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर गुरुवार को पोषाहार बांटा जाना था, लेकिन ये ठेकेदार महीने में सिर्फ एक या दो बार ही नाममात्र की सप्लाई करते थे और अधिकारियों की मिलीभगत से पूरे महीने के फर्जी बिल पास करवा लेते थे। घोटाले का यह पूरा खेल 25 प्रतिशत कमीशन पर टिका था। कुचामन सिटी के तत्कालीन सीडीपीओ शक्ति सिंह ने 7 करोड़ 33 लाख रुपए से अधिक और मकराना की तत्कालीन सीडीपीओ सुधा यादव ने 1 करोड़ 47 लाख रुपए से ज्यादा का भुगतान इन फर्जी समूहों को किया था।

### प्राइवेट व्यक्ति के मिले फर्जी साइन

जांच में इस संगठित गिरोह के काम करने के तरीके को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। नागौर में उप निदेशक कार्यालय में लगे कनिष्ठ सहायक दिलीप कुमार को इस पूरे फर्जीवाड़े की जानकारी थी। इसके एवज में दिलीप कुमार ने ठेकेदार हरि सिंह से प्रत्येक परियोजना के लिए 10 हजार रुपए मंथली बंधी मांग रखी थी। वहीं, एक प्राइवेट व्यक्ति महेंद्र सिंह ने एसीबी के सामने कबूल किया है कि वह ठेकेदार के कहने पर स्वयं सहायता समूहों का फर्जी रिकॉर्ड तैयार करता था। पदाधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर करता था, जिसकी पुष्टि एफएसएल रिपोर्ट से भी हो चुकी है। मामले में एसीबी ने 9 महिला पर्यवेक्षकों, हेमा अग्रवाल, गीता वर्मा, मनीषा शेखावत, अंजु शर्मा, ज्याना देवी, संतोष देवी, संतोष चौधरी, राजबाला शर्मा और मूली देवी शर्मा को गिरफ्तार किया है।

### 4 साल से फरार 10 रु. हजार का इनामी गिरफ्तार

**नागौर।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत सदर नागौर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए फायरिंग प्रकरण में पिछले चार वर्ष से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी आशाराम उर्फ आसु को गिरफ्तार किया है। आरोपी नागौर वृत्त के टॉप-10 वांछित अपराधियों में भी शामिल था। पुलिस ने उसे बीकानेर जिले के नोखा थाना क्षेत्र के केडली गांव से दस्तयाब किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के निर्देशन तथा वृत्ताधिकारी जतिन जैन के सुपरविजन में थाना सदर के थानाधिकारी सुरेश कस्वा ने टीम के साथ यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 27 फरवरी 2022 को प्रार्थी श्यामलाल पुनिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह साथी जगदीश के साथ बाईक से जा रहा था। सिंगड़ चौराहे के पास बिना नंबर की गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद ब्रेजा गाड़ी में सवार सतू बागड़िया ने रिवॉल्वर से तीन-चार राउंड फायर किए, जिसमें जगदीश की गर्दन और श्यामलाल की पीठ में गोली लगी थी। इस संबंध में थाना सदर नागौर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

---

### नौकरी दिलाने के नाम पर 9 लाख की ठगी की, आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

FAIR REPORT

**नागौर**

पुलिस थाना सदर नागौर ने नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। अति. पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। आरोपी राजकुमार सिंह तंवर उर्फ केशव सिंह को जयपुर के विद्याधर नगर क्षेत्र से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का आरोप है। जांच में सामने आया कि नागौर के गोगानाडा (सींगड़) निवासी रामसिंह से आरोपी और उसके साथी रणवीरसिंह शेखावत



ने विधानसभा में बाबू की नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया था। आरोपियों ने खेल प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी दिलाने की बात कहकर कई बार में 9 लाख रुपये ऐंठ लिए। रामसिंह ने बताया कि वर्ष-2022 में आरोपियों ने उसके घर पर नकद राशि भी ली थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वृत्ताधिकारी जतिन जैन के सुपरविजन तथा थानाधिकारी सुरेश कस्वा के नेतृत्व में टीम ने गोपनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### वन्य जीवों के लिए पेयजल व्यवस्था करने की मांग

**भीलवाड़ा।** तेज गर्मी के बढ़ते असर के बीच पीपुल फॉर एनीमल्स संस्था के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने वन विभाग एवं जिला प्रशासन से वन्य जीवों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण वन क्षेत्र में वन्य जीव पानी की तलाश में इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। जाजू ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उनकी मांग पर जिला प्रशासन ने वन क्षेत्रों में करीब 50 वाटर हॉल (टांके) बनवाए थे, इसमें से अधिकतर में पानी नहीं है। माण्डलगढ़ के गुप्तेश्वर, गेणोली, भोपतपुरा, बसोट की धार, पीलिया खाल, काछोला सहित विभिन्न वन क्षेत्रों में बने टांकों में नियमित पानी भरवाया जाना जरूरी है।

### अंधविश्वास : निमोनिया पीड़ित बच्ची को गर्म सरिए से दागा, हालत बने गंभीर

FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और विकास के तमाम दावों के बावजूद अंधविश्वास की जड़ें आज भी कितनी गहरी हैं, इसका एक और खौफनाक चेहरा भीलवाड़ा में सामने आया है। यहां शाहपुरा कस्बे में एक साल की मासूम बच्ची को निमोनिया होने पर अस्पताल ले जाने के बजाय, परिजनों ने अंधविश्वास के चलते उसे गर्म लोहे से ('डाम') दाग दिया। इस अमानवीय और गलत उपचार के कारण बच्ची की स्थिति बेहद नाजुक हो गई, जिसे गंभीर हालत में भीलवाड़ा के महात्मा गांधी चिकित्सालय के चिल्ड्रेंस वार्ड में भर्ती कराया गया। एमजीएच अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ ने



बताया कि शाहपुरा की रहने वाली एक वर्षीय बच्ची को गंभीर स्थिति में चिल्ड्रेंस वार्ड में लाया गया था। डॉ. गौड़ के अनुसार, बच्ची मूल रूप से निमोनिया से पीड़ित थी, लेकिन परिजनों या किसी ग्रामीण तांत्रिक द्वारा इलाज के नाम पर उसके शरीर पर गर्म लोहे से 'डाम' लगा दिया गया। गर्म लोहे की जलन और संक्रमण के कारण बच्ची की हालत सुधरने के बजाय और ज्यादा बिगड़ गई। वरिष्ठ पीडियाट्रिशियन (शिशु रोग विशेषज्ञ) लगातार बच्ची की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और उसका सघन उपचार किया जा रहा हे। उन्होंने कहा कि केवल कानून बना देने से ऐसी घटनाएं नहीं रुकेंगी। जब तक ग्रामीण लोगों को जागरूक नहीं किया जाएगा तब तक मासूमों की जान दांव पर लगती रहेगी।

---

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के लिए आज से आवेदन शुरू, तकनीकी बदलाव से मिलेगी बड़ी राहत

**50 हजार बुजुर्ग रेल यात्रा और 6 हजार वरिष्ठ नागरिक हवाई यात्रा से कर सकेंगे प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन; दस्तावेजी त्रुटियों से राहत की तैयारी**

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक निशुल्क तीर्थ यात्रा योजना इस वर्ष नई व्यवस्था और तकनीकी सुधारों के साथ लागू की जा रही है। योजना का उद्देश्य पात्र वरिष्ठ नागरिकों को सरल और सुगम तरीके से धार्मिक यात्रा का अवसर उपलब्ध कराना है। इस बार आवेदन प्रक्रिया को पहले की तुलना में अधिक आसान बनाया गया है, जिससे तकनीकी समस्याओं और दस्तावेज संबंधी त्रुटियों के कारण आवेदन निरस्त होने की संभावना कम होगी। योजना के तहत इस वर्ष 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रेल सेवाओं के माध्यम से देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाएगी, जबकि 6 हजार बुजुर्गों को हवाई मार्ग से नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन का अवसर मिलेगा। योजना के संचालन के लिए राज्य सरकार ने 150 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया है। संबंधित विभागीय अधिकारियों के अनुसार आवेदन प्रक्रिया 27 मई से शुरू होकर 10 जून तक चलेगी। इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन पोर्टल, विभागीय वेबसाइट और ई-मित्र केंद्रों के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।पहले आवेदन प्रक्रिया में आधार और जनआधार रिकॉर्ड में नाम, जन्मतिथि या अन्य दस्तावेजों में अंतर होने से कई पात्र वरिष्ठ नागरिकों के आवेदन प्रभावित हो जाते थे। नई व्यवस्था में इन समस्याओं को कम करने के लिए अलग-अलग जनआधार आधारित आवेदन सुविधा दी गई है, जिससे आवेदन प्रक्रिया अधिक सुगम होने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि योजना बुजुर्गों को धार्मिक आस्था से जोड़ने के साथ सामाजिक और मानसिक संतुष्टि भी प्रदान करती है।

#### पात्रता और जरूरी शर्तें

योजना का लाभ केवल राजस्थान के मूल निवासियों को मिलेगा। आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होना आवश्यक है। आयकरदाता तथा पूर्व में योजना का लाभ ले चुके व्यक्ति इसके पात्र नहीं होंगे। साथ ही आवेदक का शारीरिक और मानसिक रूप से यात्रा करने योग्य होना भी जरूरी है।


#### राहत: आवेदन निरस्त होने की संभावना होगी कम

नई व्यवस्था में दस्तावेज संबंधी त्रुटियों के कारण आवेदन प्रभावित होने की समस्या कम होने की उम्मीद है। इसके अलावा सहयोगी सदस्य को साथ ले जाने के नियमों में भी कुछ शिथिलता दी जा सकती है। विशेष परिस्थितियों में सहयोगी की आयु सीमा में बदलाव की संभावना भी जताई जा रही है।

#### प्रक्रिया: 27 मई से 10 जून तक होंगे आवेदन

इच्छुक वरिष्ठ नागरिक ई-मित्र केंद्र, विभागीय वेबसाइट और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के दौरान जनआधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र और स्व-घोषणा पत्र अपलोड करना होगा। आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर अंतिम तिथि तक संशोधन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। चयन प्रक्रिया लॉटरी प्रणाली के आधार पर की जाएगी।

# WORTH A CAPTURE



People throng at Sangam to perform rituals on 'Ganga Dussehra', in Prayagraj of Uttar Pradesh, Tuesday

## Department Keeps Strict Watch on Milk Sellers Under "Pure Food Campaign"

**Food Safety Department conducted a special anti-adulteration drive; milk samples tested through mobile laboratory to ensure safe products for the public**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** To provide safe and pure food products to the public, the Food Safety Department conducted a special anti-adulteration drive in the district under the "Shuddh Aahar Milawat Par Vaar" campaign. During the drive, officials carried out intensive inspections of milk sellers and milk transport vehicles at different locations to check the quality and safety of milk being supplied. During the inspection, the department team collected milk samples and tested them through the "Food Safety on Wheels" mobile laboratory. The main aim of the campaign was to identify any possible adulteration and ensure that consumers receive safe and quality milk products. Officials also instructed milk sellers and transport operators to strictly follow the Food Safety and Standards Act and avoid selling adulterated food products. They were informed about maintaining quality standards and following safety guidelines during food handling and transportation. The Food Safety Department clearly stated that there will be no compromise with public health and strict legal action will be taken against anyone found involved in food adulteration activities. Officials said that similar inspection drives and anti-adulteration campaigns will continue across the district in the coming days. The department also appealed to the public to report any information related to adulterated milk or food products so that immediate action can be taken. The inspection and action were carried out in the presence of Food Safety Officers Ghanshyam Sharma, Puneet Joshi and the laboratory in-charge along with the department team.

## ₹10,000 Reward Announced for Accused in Nimbahera Theft Case, History-Sheeter Has More Than 27 Cases

**Accused identified in theft at Ashish Garg's house; identity of informers will remain confidential, action will also be taken against those giving shelter**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Police have intensified action in the recent theft case in the city. District Superintendent of Police Dharmendra Singh Yadav has announced a reward of 10,000 for the arrest of accused persons in four different cases, including the Nimbahera theft case. Police assured that the identity of people providing information will be kept secret. According to police, a theft took place on April 28, 2026, at the house of Ashish Garg on Amaliya Bawji Road, where around 5 lakh cash and gold and silver jewellery were stolen. During investigation, the accused was identified as Satyanarayan alias Kallu, son of Gopallal Soni, resident of Kumbhanagar, Chittorgarh. He is a history-sheeter of Chittorgarh Sadar police station area. Police said that the accused has more than 27 criminal cases registered against him in Neemuch, Nimbahera, Chittorgarh, Udaipur and Banswara. A police team under Kotwali SHO Ramsumer Meena and ASI Suraj Kumar is continuously trying to trace and arrest him. Police also said that the accused was captured in CCTV footage during the theft and his video clip and photo have been released. Anyone giving information about the accused will receive a reward of 10,000 and their identity will remain confidential. Police warned that if any person gives shelter or helps the accused avoid arrest, legal action will also be taken against that person.

## Gang Involved in Farm Motor and Cable Thefts Busted, Woman Scrap Dealer Arrested for Buying Stolen Goods

**Kapasan Police seized 8 quintals 85 kg of copper cables; recent theft cases in Achoda and Semalpura may be linked to similar activities**

FAIR REPORT





**Chittorgarh-** In recent days, theft cases targeting farms and farmhouses have been increasing in the district. Thieves have been stealing water motors, cables and other costly equipment from agricultural fields. A few days ago, thieves stole a water motor and expensive electric wires from a private farmhouse in Achoda village, while a similar theft incident was also reported in Semalpura village. These incidents had created concern among farmers. Meanwhile, Kapasan Police has achieved success in tracing a gang involved in such thefts. Under a campaign against theft and criminal activities, Kapasan Police carried out the action under the supervision of ASP Mukul Sharma and the leadership of SHO Sunil Sharma. During technical investigation, police had earlier arrested two accused, Rameshchandra Bhil and Raju Kalbeliya. During questioning, both admitted to stealing motors and cables from different farms in the Kapasan area. During the investigation, police received important information regarding the purchase of stolen goods. Based on this, police arrested a woman scrap dealer, Sajja Jogi, wife of Mangilal, who was allegedly buying stolen cables. Police also recovered stolen cables from her possession. She was later sent to judicial custody. During the same operation, Kapasan Police received information about a large quantity of copper cables lying unattended in the Bhagwanpura area. Police reached the spot and searched for the owner, but no claimant was found. Suspecting the cables to be stolen, police seized them. The total weight of the seized cables was around 8 quintals and 85 kilograms. Police are now investigating where such a large quantity of cables came from and who else may be involved. Police action is being seen as a major relief for farmers and people living in rural areas where such theft cases had recently increased.

## A step towards 'Green Kumbh' – Harit Haridwar

FAIR REPORT

**Haridwar**: Choose your residential lane, colony or area where plantation can be done and send it to the Harit Haridwar whatsapp group. The desired plant suitable for the local environment will be given by the district administration. Take responsibility and give love to nurturing the plant till it gains strength and you become part of the green initiative of making the holy city lush green before Kumbh mela. As part of the preparations for the Kumbh Mela-2027 in Haridwar, the 'Harit Haridwar' Green Haridwar initiative launched by the administration to transform the Kumbh zone into a lush, eco-friendly environment has started garnering widespread public support.

## Dr. Vikas Bamaniya Takes Charge as DWF Rajasthan State President, Elected Unopposed

**Says doctors' rights and welfare will be the top priority; focus on resident doctors and medical officers**

FAIR REPORT




**Udaipur:** Dr. Vikas Bamaniya has been unanimously elected as the State President of Doctors Welfare Federation (DWF) Rajasthan. He was elected unopposed during the election process conducted under the supervision of election officers Dr. Radheshyam Jat and Dr. Harish Paliwal. Dr. Bamaniya has been actively involved in doctors' welfare and organizational activities for a long time. He previously served as General Secretary of DWF during 2024-25 and Vice President during 2025-26. At present, he is also serving as President of the DWF RDA Wing. Apart from this, he is associated with several social organizations and has continuously raised issues related to doctors and healthcare professionals. After taking charge as State President, Dr. Bamaniya said his main priority will be protecting the interests of resident doctors, medical officers working in the field, and all doctors. He also expressed his commitment to maintaining equality, unity and teamwork within the organization. He said the organization will strongly stand for the rights, respect and welfare of doctors whenever needed. Fellow doctors congratulated him and expressed confidence that under his leadership, DWF Rajasthan will become stronger and continue raising the voice of doctors more effectively. It is also noteworthy that Dr. Vikas Bamaniya's father, Dr. Shankar H. Bamaniya, who is currently serving as CMHO Udaipur, is also actively associated with doctors' organizations at the state level. Dr. Vikas is continuing the same commitment toward doctors' welfare.

## City Beautification Work to Gain Speed, Plan Prepared for Development of Parks, Dividers and Entry Gates

**Parks, circles and stadiums to be developed through CSR projects; District Collector stresses greenery and better public facilities**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** The administration has started efforts to make the city cleaner, greener, more beautiful and better organized. In this regard, a meeting was held on Tuesday at the District Collectorate under the chairmanship of District Collector Dr. Manju. Officials from Municipal Council, UIT, Public Works Department and other departments attended the meeting to discuss city beautification, public facilities, park development and cleanliness. During the meeting, a detailed presentation on city development and beautification plans was given. The District Collector directed officials to carry out planned development and beautification work on major roads, dividers, public parks and other important places in the city. To improve the green environment, instructions were given for large-scale plantation work and selection of low-maintenance plants suitable for roadsides and dividers. Focus was also given to carrying out plantation work through small CSR projects. The meeting also discussed the construction of attractive entry gates at major entry points of the city. The District Collector reviewed the proposed designs and instructed officials to give them a modern look while reflecting the local culture and historical identity of Chittorgarh. Officials were also directed to develop and maintain major dividers, parks, circles and stadiums through Corporate Social Responsibility (CSR) projects. Discussions were held regarding expansion of basic facilities in parks, including lighting arrangements, seating facilities and green area development. The District Collector also instructed officials to ensure regular cleaning of drains and strengthen the city's cleanliness system. The meeting was attended by CEO Vinay Pathak, Additional District Collector Ramchandra Khatik, UIT Secretary Kailash Gurjar, Municipal Commissioner Ravindra Yadav, District Industries Centre General Manager Rahuldev and other officials.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**